# केंद्रीय विद्यालय सीतापुर

## प्रश्न-पत्र - 2019-20

| | | | |
|---|---|---|---|
| **विषय** | **हिन्दी** | **कक्षा** | **दसवीं** |
| **समय** | **3 घंटे** | **पूर्णांक** | **80** |

**आवश्यक निर्देश-**

1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं क, ख, ग, घ।
2. चारों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: दीजिए ।

## खंड-क

**(अपठित)**

**प्रश्न-1** **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

भय को जीवन की सहज प्रवृत्ति माना जाता है । अनुशासन, व्यवस्था, नियमादि के पालन के लिए भय की उपयोगिता है| इसलिए कहा गया है कि-'भय बिनु होत न प्रीत|' जीवन की सुरक्षा, बचाव, सावधानी के लिए भी इसकी आवश्यकता है| यह एक सीमा तक सहनीय और उपयोगी भले ही हो ,किन्तु बराबर डरे सहमे रहना, मूढ़ता जड़ता, संत्रास एवं आतंक से ग्रस्त रहना ठीक नहीं है| इससे भीरूता ही पैदा नहीं होती, मनोबल भी क्षीण होता है, जिससे अधीरता, व्याकुलता और अस्थिरता की मन:स्थिति पैदा होती है तथा कुकल्पनाओं का जाल-जंजाल बुनकर मनुष्य अपने चिंतन को बिगाड़ लेता है| इस प्रक्रिया से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है| इसी कारण भय को मानसिक रोग माना जाता है, जो अच्छे भले विचारवंत को लड़खड़ा देता है| मनोवैज्ञानिकों के अनुसार जितने व्यक्ति बीमारी से मरते है उससे कही अधिक भय, चिंता और थोथी कल्पनाओं से मरते हैं|

1- भय की उपयोगिता क्यों बताई गई है? 2
2- कुकल्पनाओं का जाल-जंजाल बुनने से मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है? 2
3- बराबर डरे सहमे रहना ठीक क्यों नहीं बताया गया है? 2
4- भय को मानसिक रोग क्यों माना जाता है ? 2
5- उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए । 1
6- 'भय बिनु होत न प्रीत' लोकोक्ति का क्या अर्थ है । 1

## खंड-ख

## व्यावहारिक व्याकरण

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-2 | निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए-<br>क- वह घर आया और उसने भोजन किया । ( सरल वाक्य में)<br>ख- रहीम बोला- 'मैं कर्नाटक जा रहा हूँ' \| (मिश्र वाक्य में)<br>ग- कक्षा समाप्त होते ही विद्यार्थी बाहर आए \| ( संयुक्त वाक्य में)<br>घ- जो परिश्रम करते हैं, उन्ही को सफलता मिलती है \| (वाक्य भेद पहचान कर लिखिए ) | 1x4=4 |
| प्रश्न-3 | निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए -<br>क- सरकार द्वारा शिक्षा पर बहुत खर्च किया गया \| (कर्तृ वाच्य में)<br>ख- प्राचार्य ने छात्रों को छुट्टी दे दी \| ( कर्म वाच्य में)<br>ग- माँ रो भी नहीं सकती\| ( भाव वाच्य में)<br>घ- तुमने कहानी पढ़ ली \| ( कर्म वाच्य में) | 1x4=4 |
| प्रश्न-4 | रेखांकित पदों का परिचय दीजिए-<br>1. <u>मैं</u> प्रतिदिन व्यायाम करता हूँ \|<br>2. वह किसे <u>देखता</u> है ? ।<br>3. <u>बच्चों</u> के लिए खाना लाओ ।<br>4. <u>गंगा</u> हिमालय से निकलती है । | 1x4=4 |
| प्रश्न-5 | निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रस की पहचान करें -<br>1. दुःख ही जीवन की कथा रही \|<br>2. खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी \|<br>3. किलकत कान्ह घुटुरुवन आवत \|<br>4. शांत रस का स्थायी भाव लिखिए \|<br>**खंड- ग**<br>**पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पुस्तक** | 1x4=4 |
| प्रश्न-6 | आषाढ़ की रिमझिम है समूचा गाँव खेतों में उमड़ पड़ा है\| कहीं हल चल रहे है; कहीं रोपनी हो रही है\| धान के पानी भरे खेतों में बच्चे उछल रहे है\| औरतें कलेवा लेकर मेंड़ पर बैठी है\| आसमान बदल से घिरा; धूप का नाम नहीं\| ठंडी पुरवाई चल रही है\| ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर- तरंग झंकार सी कर उठी \| यह क्या है?यह कौन है? पूछना न पड़ेगा \| बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े अपने खेत में रोपनी कर रहे है\| उनकी अंगुली एक-एक धान के पौधे को, पंक्तिबद्ध खेत में बिठा रही है\| उनका कंठ एक एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर कुछ को ऊपर स्वर्ग की ओर भेज रहा है और कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानो की ओर\| बच्चे खेलते हुए झूम उठते है\| मेंड़ पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उठाते है, वे गुनगुनाने लगती है; हलवाहों के पैर ताल से उठाने लगते है; रोपनी करने वालों की अंगुलियाँ एक | |

| | | |
|---|---|---|
| | अजीब क्रम से चलने लगती है। बालगोबिन भगत का यह संगीत है या जादू !<br>1- समूचा गाँव खेतों में क्यों उमड़ पड़ा?<br>2- बालगोबिन भगत का शरीर कीचड़ में क्यों सना हुआ था?<br>3- पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए । | 2<br>2<br>2 |
| प्रश्न-7 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-<br>1- लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हूआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं है ?<br>2. कुछ पुरातन पंथी लोग स्त्रियों की शिक्षा के विरोधी थे । द्विवेदी जी ने क्या-क्या तर्क स्त्री- शिक्षा का समर्थन किया ?<br>3. फ़ादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी ?<br>4. कैप्टन मूर्ति का चश्मा बार- बार क्यों बदल देता था ? | 2x4=8 |
| प्रश्न-8 | निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-<br>मन की मन ही मांझ रही।<br>कहिए जाइ कौन पै उधौ, नाही परत कही।<br>अवधि आधार आस आवन की, तन मन बिथा सही ।<br>अब इन जोग संदेसनि सुनि सुनि, बिरहिन बिरह दही।<br>चाहती हुती गुहारि जितहिं तै, उत ते धर बही।<br>सूरदास अब धीर धरहि क्यों, मरजादा न लही॥<br>1- उदधौ की बात सुनकर गोपियों की व्यथा और बढ़ गयी । क्यों?<br>2- 'चाहती हुती गुहारि जितहिं तै, उत ते धार बही'- अर्थ स्पष्ट कीजिए।<br>3- अवधि आधार आस आवन की, तन मन बिथा सही ।-पंक्ति में कौन सा अलंकार है? | 2<br>2<br>2 |
| प्रश्न-9 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-<br>1- परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए ?<br>2- 'उत्साह' कविता में कवि में बादलों से रिमझिम बरसने के स्थान पर गरजने के लिए क्यों कहा है?<br>3- कवि ने फाल्गुन महीने की सुन्दरता का वर्णन किस प्रकार किया है?लिखिए।<br>4- 'छाया मत छूना' में कवी 'छाया' किसे कहता है और क्यों ? | 2x4=8 |
| प्रश्न-10 | 1- 'माता का अंचल' पाठ में वर्णित तत्कालीन विद्यालयों के अनुशासन से वर्तमान युग के विद्यालयों के अनुशासन की तुलना करते हुए किस अनुशासन व्यवस्था को आप अच्छा मानते है और क्यों? | 3x2=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | 2- 'साना-साना हाथ जोड़ी' पाठ में प्रदूषण के कारण हिमपात में कमी पर चिंता व्यक्त की गई हैं \| प्रदूषण के और कौन -से दुष्परिणाम सामने आए हैं? हमें इसकी रोकथाम के लिए क्या करना चाहिए ? | |
| | **<u>खंड -घ</u>** | |
| प्रश्न-11 | निम्नलिखित विषय में से किसी एक पर (दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर) निबंध लिखिए\|<br>1- स्वच्छ भारत - एक कदम स्वच्छता की ओर<br>• प्रस्तावना<br>• स्वच्छता का महत्त्व<br>• वर्तमान समय में स्वच्छता को लेकर भारत की स्थिति<br>• स्वच्छ भारत अभियान का आरम्भ एवं लक्ष्य<br>• उपसंहार<br>2- मेरी पहली रेल यात्रा\|<br>(यात्रा का उदेश्य, माध्यम, यादगार अनुभव ) | 10 |
| प्रश्न-12 | किसी समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखकर बिजली आपूर्ति व्यवस्था में हुए सुधार की प्रशंसा कीजिए\|<br>अथवा<br>'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत आप अपने कुछ मित्रों के सहयोग से अपने मुहल्ले को साफ-सुथरा रखने का अभियान चला रहे हैं जिसमें छोटी-मोटी बाधाओं के बाद आपकों सफाई के प्रति लोगों को जागरूकता करने में सफलता भी मिल रही हैं \| अपने कार्यों का विवरण देते हुए मित्र को पत्र लिखिए\| | 5 |
| प्रश्न-13 | नर्सरी में दाखिले हेतु एक प्ले स्कूल के लिए विज्ञापन लिखिए \|<br>अथवा<br>मोबाईल का नया शोरूम खुला है, ग्राहकों को आकर्षित करते हुए विज्ञापन बनाइए \| | 5 |

**अंक योजना**

**प्रश्न 1.** 1 भय की उपयोगिता इसलिए बताई गई है क्योंकि भय से ही अनुशासन, नियम, व्यवस्था की स्थापना होती है।

2 कुकल्पनाओं का जंजाल बुनने से मनुष्य का चिंतन बिगड़ जाता है तथा स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

3 बराबर डरे सहमे रहना इसलिए ठीक नहीं है क्योंकि इससे मनुष्य में भीरुता पैदा होती है और उसका मनोबल भी क्षीण होता है।

4 भय का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के कारण इसे मानसिक रोग माना जाता है।

5 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

6 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

**प्रश्न 2** क उसने घर आकर भोजन किया।

ख रहीम ने कहा कि मैं कर्नाटक जाऊँगा।

ग कक्षा समाप्त हुई और विद्यार्थी बाहर आए।

घ मिश्र वाक्य।

**प्रश्न 3** क सरकार ने शिक्षा पर बहुत खर्च किया।

ख प्राचार्य द्वारा छात्रों को छुट्टी दे दी गई।

ग माँ से रोया भी नहीं जाता।

घ तुमसे/ तुम्हारे द्वारा कहानी पढ़ ली गई।

**प्रश्न 4.** 1 **मैं-** उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, 'करता हूँ' क्रिया का कर्ता।

2 **देखता है-** सकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमान काल।

3 **बच्चों-** जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, संप्रदान कारक।

4 **गंगा-** व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग।

**प्रश्न 5.** 1 करुण रस

2 वीर रस

3 वात्सल्य रस

4 निर्वेद

**प्रश्न 6.** 1 समूचा गाँव खेतों में इसलिए उमड़ पड़ा क्योंकि आषाढ़ कि बारिश में खेतों में धान कि रोपाई हो रही है। हल चल रहे हैं। सभी खेतों में काम कर रहे हैं।

2 बाल गोबिन भगत का पूरा शरीर कीचड़ में इसलिए सना हुआ था क्योंकि वो भी खेत में धान कि रोपाई कर रहे थे।

3 **पाठ**- बाल गोबिन भगत , **लेखक-** रामवृक्ष बेनीपुरी।

**प्रश्न 7**. 1 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

2 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

3 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

4 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

**प्रश्न 8.** 1 गोपियाँ श्री कृष्ण के आने की प्रतीक्षा के आधार पर अपने दुखों को सहन कर रही थीं किन्तु श्री कृष्ण स्वयं नहीं आए और उद्धव के द्वारा योग का संदेश भेज दिया जिससे गोपियों की व्यथा और बढ़ गई।

2 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

3 अनुप्रास अलंकार।

**प्रश्न 9.** 1 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

2 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

3 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

4 विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

**प्रश्न 10. 1** विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

**2** विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।

**प्रश्न 11**. प्रस्तावना- 2 अंक

विषयवस्तु- 5 अंक

उपसंहार- 2 अंक

वर्तनी- 1 अंक

**प्रश्न 12.** प्रारूप- 1.5 अंक

विषयवस्तु- 2 अंक

पत्र का प्रारंभ और अंत- 1 अंक

वर्तनी- 0.5 अंक

**प्रश्न 13** विवेकानुसार सही उत्तर पर अंक दें।